ॐ
निबंधन संख्या - 927/08-09 दूरभाष :: 0651-3512271, 2251008

विद्या विकास समिति, झारखण्ड

(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध)

शुक्ला कॉलोनी, हिनू, पत्रा.-डोरण्डा, राँची - 834002

E-mail - vvs.jharkhand@yahoo.com **Web** - http://www.vvsjharkhand.org.in

पत्रक क्र. : 14/2023-24 (पौष कृष्ण 03 वि. सं. 2080 युगाब्द 5125) दिनांक : 30/12/2023

मान्यवर/मान्या,

सादर नमस्कार।

झारखण्ड प्रदेश समेत संपूर्ण उत्तर भारत शीशीर ऋतु के कड़ाके की ठंड का आनंद ले रहा है। पौष-माघ की ठंड हमें अपने जीवन में सतर्कता एवं सामंजस्य बनाने की सीख भी देती है। इस ठंड में जहाँ एक ओर कृषक बंधु अथक श्रम करके रबी फसलों से भारतमाता को सुफला बनाने में लगे हैं वहीं सियाचीन जैसे दुर्गम स्थानों पर भारतमाता की सुरक्षा में डटे हमारे वीर सैनिक हमें कड़ाके की ठंड में भी कार्य करने की प्रेरणा दे रहे हैं। आशा है कि इस प्रतिकूल वातावरण में भी आप विद्या भारती के योजनाओं को प्रवाहमान बनाए रखने में अपना सहयोग दे रहे होंगे।

बड़े ही गौरव का विषय है कि हम '**संस्कृतिबोध परियोजना**' के घटक बनकर भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार तथा संरक्षण एवं संवर्द्धन जैसे कार्यक्रमों में लगे हैं। अत्यंत हर्ष के साथ सूचित करना है कि कार्यकर्ताओं के अपेक्षित प्रयासों से झारखण्ड प्रांत इस वर्ष संस्कृति ज्ञान परीक्षाओं हेतु उल्लेखनीय पंजीयन संभव करा सका है। इसके लिए आपसबों को कोटिशः धन्यवाद!

आशा करता हूँ कि इस वर्ष के संस्कृति ज्ञान परीक्षा से संबंधित साहित्य तथा प्रश्नपत्र विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान, कुरुक्षेत्र से प्राप्त हो गए होंगे। यदि साहित्य तथा प्रश्नपत्र अबतक अप्राप्त हैं तो विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान, कुरुक्षेत्र अथवा संस्कृतिबोध परियोजना के प्रांत प्रमुख जी से दूरभाष पर वार्ता करके यथाशीघ्र मंगवा लें।

पुनः हर्षपूर्वक आपको अवगत कराना है कि झारखंड प्रांत में संस्कृतिबोध परियोजना के अंतर्गत होने वाले इस वर्ष की परीक्षाओं की तिथियां निम्न प्रकार से निर्धारित हैं-

1. संस्कृति ज्ञान परीक्षा (अपने विद्यालयों के आचार्यों हेतु) : दिनांक - 16 जनवरी 2024
2. संस्कृति ज्ञान परीक्षा (अपने विद्यालयों के भैया-बहनों हेतु) : दिनांक - 20 जनवरी 2024
3. संस्कृति ज्ञान परीक्षा (अभिभावकों तथा अन्य सभी हेतु) : दिनांक - 21 जनवरी 2024
4. संस्कृति ज्ञान परीक्षा (बाहरी विद्यालयों के भैया-बहनों हेतु) : दिनांक - 22 से 31 जनवरी 2024

अतः उपरोक्त योजनानुसार परीक्षाओं के आयोजन करने का कष्ट करेंगे। ध्यातव्य हो कि उक्त परीक्षाओं में शत-प्रतिशत उपस्थिति हेतु आवश्यक संपर्क अभियान लेना अपेक्षित है।

<u>द्रष्टव्य</u> -

* इस वर्ष कक्षा 8वीं से 12वीं तथा आचार्य वर्ग की सभी परीक्षाएँ OMR Sheet पर होंगी। इन सभी वर्गों के लिए एक ही प्रकार के OMR Sheet निर्धारित है।
* आपके विद्यालय को प्राप्त हो रहे OMR Sheet पर कक्षा 9वीं से लेकर प्रज्ञा तक के खाने रंगने हेतु अंकित हैं। त्रुटिवश 8वीं कक्षा अंकित नहीं हो सका है। अतः 8वीं कक्षा के लिए आवश्यक OMR

Sheet पर काली या नीली स्याही से (जहाँ '9th O' लिखा हुआ है उसके ठीक बांयी ओर के खाली स्थान पर) '**<u>कक्षा - 8वीं</u>**' स्वयं लिखकर ही भैया-बहनों को देना सुनिश्चित करेंगे।

* सभी कक्षाओं तथा आचार्य वर्गों के OMR Sheet अलग-अलग लिफाफे में डालते हुए पुनः उन्हें एक बड़े लिफाफे में डालकर विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान, कुरुक्षेत्र तत्परता के साथ भेजना भी सुनिश्चित करेंगे।
* अभिभावकों हेतु संस्कृति ज्ञान परीक्षा सुलभ तथा सरल बनाना है।
* अन्य विद्यालयों के भैया-बहनों के लिए संस्कृति ज्ञान परीक्षा संपर्कित/संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य/आचार्य से सामंजस्य बनाकर दिनांक 22 से 31 जनवरी 2024 के बीच एक या अधिक चरणों में लिया जा सकता है।

स्वामी विवेकानन्द जयन्ती तथा मकर संक्रान्ति की अग्रिम शुभकामनाओं के साथ!

।। इतिशुभम् ।।

भवदीय

30/12/2022

(अजय कुमार तिवारी)

प्रदेश सचिव

विद्या विकास समिति, झारखण्ड